कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, मैनपुरी

दिनांक:मार्च 20,2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय जनपद न्यायाधीश, मैनपुरी के आदेश दिनांक 20.03.2024 के द्वारा जज कम्पाउन्ड मैनपुरी में पुराने जंगले, किवाड़ व अन्य सामानों की नीलामी होनी है। उपरोक्त नीलामी प्रक्रिया माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित नीलामी समिति– श्रीमती मुनव्वर जहां,अध्यक्ष/अपर जिला जज कक्ष संख्या–1, श्रीमती पूनम राजपूत, सदस्य/विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र, श्री रवि कुमार सागर, सदस्य/सिविल जज(प्रवर वर्ग) कक्ष संख्या–2 एवं श्री नीतिन सक्सेना, सदस्य/कोर्ट मैनेजर, जनपद न्यायालय, मैनपुरी की उपस्थिति व निर्देशन में दिनांक 29.03.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से जनपद न्यायालय मैनपुरी के केन्द्रीय सभागार में बोली के माध्यमय से सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति पूर्व नीलामी जज कम्पाउन्ड मैनपुरी में पुराने जंगले, किवाड़ व अन्य सामानों का अवलोकन केन्द्रीय नाजिर की उपस्थिति में कर सकते है।

इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि, समय एवं स्थान पर नीलामी में भाग लेने हेतु अपने पहचान पत्र(आधार कार्ड, वोटर आई.डी., ड्राईविंग लाइसेन्स आदि) के साथ उपस्थित हो।

नीलामी की शर्ते

1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को बोली बोलने हेतु मुव0 5000/– रूपये की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीकर्ता को जमानत धनराशि जमा करने के उपरान्त ही बोली बोलने का अधिकार होगा।
2. जिसके पक्ष में नीलामी की बोली माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा अनुमोदित की जायेगी, उसे सम्पूर्ण राशि तत्काल जमा करानी होगी।
3. नीलामी को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार जनपद न्यायाधीश को होगा तथा उनका निर्णय अन्तिम होगा।
4. अधिक्तम बोली वाले व्यक्ति को उसके द्वारा लगाये गये बोली अनुमोदन होने व सम्पूर्ण धनराशि जमा कराने के पश्चात उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस को नीलाम किये गये सामानों को उठाना होगा।

(रवि कुमार सागर)
सदस्य
नीलामी समिति/
अपर सिविल जज(प्रवर वर्ग)
मैनपुरी

(पूनम राजपूत)
सदस्य
नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(द.प्र.क्षे.)
मैनपुरी

(मुनव्वर जहां)
अध्यक्ष
नीलामी समिति/
अपर जिला जज, कक्ष संख्या–1
मैनपुरी

(नितिन सक्सेना)
न्यायालय प्रबन्धक
जनपद न्यायालय, मैनपुरी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित

1. नाजिर, कलेक्ट्रेट, मैनपुरी।
2. कार्यालय अधीक्षक, नगर पालिका परिषद, मैनपुरी।
3. कार्यालय अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, मैनपुरी।
4. कार्यालय अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी मैनपुरी।
5. स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशन हेतु।
6. जिला सूचना अधिकारी, मैनपुरी को सभी समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु
7. जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
8. जनपद न्यायाल, मैनपुरी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु नोडल अधिकारी कम्प्यूटर को

(रवि कुमार सागर)
सदस्य
नीलामी समिति/
अपर सिविल जज(प्रवर वर्ग)
मैनपुरी

(पूनम राजपूत)
सदस्य
नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(द.प्र.क्षे.)
मैनपुरी

(मुनव्वर जहां)
अध्यक्ष
नीलामी समिति/
अपर जिला जज, कक्ष संख्या–1
मैनपुरी

(नितिन सक्सेना)
न्यायालय प्रबन्धक
जनपद न्यायालय, मैनपुरी